Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय पर किया जायः सीएम

डयूटी पर आने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारम्भ

**समीक्षा**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय पर किया जाय। गन्ना कृषकों के हित में जो भी निर्णय लिये जाने हैं, उसके लिए कमेटी जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। गन्ने का उपयोग विभिन्न उत्पादों के लिए होने से किसानों की आर्थिकी में कितना सुधार होगा। इसका पूरा अध्ययन किया जाय। चीनी मिलों के आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान गन्ना उत्पादन, गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी लेते हुए कहा कि गन्ना किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाय।



गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के संबंध में समीक्षा करते हुए सीएम व अन्य।

मुख्यमंत्री ने चीनी मिलों के आधुनिकीकरण, गन्ना उत्पादों के विविधीकरण, ऊर्जा उत्पादन, एथेनाल उत्पादन पर ध्यान देने को कहा। विभागीय स्तर पर चीनी मिलों के संबंध में जो भी कार्य किये जाने होंगे, उन पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी नहीं होनी चाहिए। समस्याओं का त्वरित समाधान जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसानों के व्यापक हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

बैठक में चीनी मिलों में इथेनॉल प्लांट की स्थापना के सबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाय। कमेटी 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि गन्ना उत्पादन से किस तरह किसानों की आय बढ़ाई जाय। कैसे हम गन्ने का बहुआयामी उपयोग कर किसानों को फायदा पहुंचा सकें। इस दिशा में विशेष प्रयास किये जाने की जरूरत है। हमारा मुख्य फोकस किसान केन्द्रित एवं किसानों के हितों की रक्षा करना है।

बैठक में पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सचिव श्री अमित नेगी, श्री हरबंस सिंह चुघ, प्रबंध निदेशक गन्ना एवं चीनी श्री चंद्रेश यादव, एम.डी यूजेवीएनएल श्री एस.एन वर्मा, गन्ना आयुक्त श्री ललित मोहन रयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### करोड़ों की घटिया साइकिल व अन्य सामान की उच्चस्तरीय जांच हो

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रदेश के श्रमिकों कर्म कारों को बांटी गई करोड़ों रुपए मूल्य की घटिया साइकिले, सोलर लालटेन, सिलाई मशीन, औजार व अन्य सामानों की गुणवत्ता की जांच तथा वितरण में की गई अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच एवं सामान के बदले खातों में ऑनलाइन भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्य सचिव ने संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। उक्त कमीशन खोरी के खेल को खत्म करने एवं श्रमिकों के साथ हो रहे छलावे की रोकथाम हेतु श्रमिकों के खाते में ऑनलाइन भुगतान ही कारगर साबित हो सकता है। प्रतिनिधिमंडल में– मोर्चा उपाध्यक्ष विजय राम शर्मा, भीम सिंह बिष्ट आदि थे।

### पूर्व और सेवारत सैनिकों को गृह कर में राहत दिए जाने पर सीएम का आभार जताया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में पूर्व और सेवारत सैनिकों को गृह कर से राहत दिये जाने पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात के बाद विधायक गणेश जोशी ने बताया कि अब सैनिक धाम के रुप में विकसित होने वाले उत्तराखण्ड में पूर्व एवं सेवारत सैनिकों को गृह कर में राहत मिलेगी। उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री रावत ने अपने कार्यकाल को प्रारम्भ करते ही द्वितीय विश्व युद्व की वीर नारियों की पेंशन को दोगुना किया। साथ ही, सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को सचिवालय में उनके पहचान पत्र के आधार पर आने–जाने की छूट है। उन्होनें कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सैन्य हित में कार्य कर रही है और जल्द ही राज्य स्तरीय वॉर मेमोरियल बनने जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, पार्षद संजय नौटियाल, संजय थपलियाल उपस्थित रहे।

### टैक्स के विरोध में मुख्य नगर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि प्रिंटर्स एण्ड पब्लीसर एसोसिएशन द्वारा व्यापारियों पर पहले से ही विभिन्न टैक्स लगे होने के बावजूद नगर निगम द्वारा एक और टैक्स लगाये जाने के विरोध में आज मुख्य नगर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि नगर निगम में जो नया टैक्स (50 हजार) प्रिंटिंग प्रेसों पर लगाया गया है हम उसे देने में पूर्णतया असमर्थ है।

# सीएए के विरोध से कांग्रेस का असली चेहरा फिर सामने

**आरोप**

देहरादून। **संवाददाता**

सीएए के विरोध में हल्द्वानी धरने में कांग्रेस नेताओं के भाग लेने और धरने का समर्थन किए जाने पर भाजपा ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इससे यह फिर सिद्ध हो गया है कि कांग्रेस सीएए विरोध की आड़ में चल रहे षड्यंत्र में शामिल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार को बदनाम करने व देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा का कहना है

### मोदी कर रहे गांधी जी का कथन पूरा, कांग्रेस कर रही विरोधः भाजपा

कि प्रधानमंत्री गांधी जी का सपना पूरा कर रहे हैं और कांग्रेस है कि विरोध करने में जुटी है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ देवेंद्र भसीन ने कहा कि सीएए के विरोध में हल्द्वानी में चल रहे धरने का कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सार्वजनिक समर्थन करने व धरने में शामिल होने से कांग्रेस का असली चेहरा फिर सामने आ गया है।

हर तरफ से निराश कांग्रेस नेता अब इस स्तर पर उतर आए हैं कि उनका व पाकिस्तान की भाषा व एजेंडा एक जैसे लगते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका का हवाला दे कर अपनी देश भक्ति का गीत गा रहे हैं। पर आज की कांग्रेस पुरानी कांग्रेस नहीं रही। मोदी जी व अमित शाह जी ने सीएए लागू कर गांधी जी की इच्छा को पूरा किया है।

मोदी जी व अमित शाह जी गांधी जी के कथन को ही पूरा कर रहे हैं और कांग्रेसी हैं कि वे इसका विरोध कर रहे हैं।

# मतदाता दिवस की पूर्व बेला पर अधिकारियों ने ली शपथ



मतदाता दिवस की पूर्व बेला पर अधिकारियों को शपथ दिलाते हुए मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह।

**संवाददाता** देहरादून। 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व बेला पर सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ का वाचन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आनन्दबर्धन, सचिव अरविन्द सिहं हंयाकी, महानिदेशक उद्योग एल. फेनई, प्रभारी सचिव बीएस मनराल, अपर सचिव प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास, सचिवालय संघ के अध्यक्ष दीपक जोशी, महासचिव राकेश तथा उपाध्यक्ष संदीप चमोला सहित समस्त सचिवालय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**संवाददाता** देहरादून। सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान अपने अनुभवी विशेषज्ञों एवं आधुनिक अनुसंधान तथा विकास सुविधाओं के साथ परिष्करण, पेट्रोरसायन, आटोमोटिव, ऊर्जा तथा संबद्ध उपभोक्ता उद्योग के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने में अपना अग्रणी स्थान बनाए हुए है. संस्थान के द्वारा सीएसआईआर आईआईपी समेकित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से उत्तराखंड निवासियों के लिए उत्तराखंड राज्य विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी परिषद के द्वारा प्रायोजित चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

औद्योगिक उत्प्रेरण, उपक्रम तथा माइक्रोरिएक्टर अध्ययन पर चार सप्ताह के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ–साथ प्रशिक्षार्थियों को प्रगत औद्योगिक उत्प्रेरक संश्लेषण, मूल्यांकन तथा अभिक्रियात्मक अध्ययन के बारे में प्रशिक्षण देना है। विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान टूल्स तथा तकनीक विषय पर छह सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीक की गहन जानकारी देना तथा अभ्यास प्रदान करना है।



भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी।